इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी
INDIRA GANDHI RASHTRIYA URAN AKADEMI
नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
An Autonomous body under the Ministry of Civil Aviation Government of India
फुरसतगंज एयरफील्ड, जिला-अमेठी-229302 (उ.प्र.) भारत
Fursatganj Airfield, Distt. Amethi - 229302 (U.P.) INDIA
Tel.: 0535-2978001 | Website : www.igrua.gov.in

अभ्यासेन दक्षः

07 नवम्बर 26

निदेशक, इग्रुआ का संदेश
इग्रुआ की 40वीं वर्षगाँठ

प्रिय इग्रुअन्स (वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त), उनके परिवार के सदस्य,
हमारे प्रिय कैडेट्स एवं अभिभावकगण,

1. आज हम इग्रुआ की 40वीं वर्षगाँठ मना रहे हैं। वर्ष 1986 में इसी दिन इग्रुआ का अस्तित्व एक सिविल पायलट प्रशिक्षण के उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत आया। तब से इग्रुआ निरंतर गर्व एवं गौरव के साथ राष्ट्र तथा नागरिक विमानन क्षेत्र की सेवा करता आ रहा है।

2. इग्रुआ वर्तमान में अपनी 40 वर्षों की यात्रा के सबसे गौरवशाली दौर से गुजर रहा है। पिछले 15 महीनों में के दौरान हमने अब तक का सर्वाधिक कठिन परिश्रम किया है, जिसके परिणामस्वरूप इग्रुआ के कार्य-निष्पादन एवं इतिहास में एक बड़ा परिवर्तन आया है।

3. इसे परिवर्तन इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि यह बहुत कम समय में हुआ है, इसके परिणामस्वरूप उत्पादन एवं कार्य-निष्पादन में 100% से अधिक की वृद्धि हुई है तथा यह परिवर्तन अगले एक दशक और उससे भी अधिक दीर्घकालिक रहेगा। पिछले एक वर्ष का कार्य-निष्पादन नीचे सारणीबद्ध किया गया है:-

कार्य-निष्पादन के मानदंड	1986–2025	01 जनवरी 2026 से
प्रतिवर्ष उड़ान घंटे	9338 घंटे	24500+ घंटे
एयरक्राफ्ट उपयोग दर	65 से 70 घंटे	150 से 160 घंटे
सीपीएल उत्तीर्ण होने वाले कैडेट्स की संख्या	44 प्रतिवर्ष	120 से 125 प्रतिवर्ष
वित्तीय स्थिति	2 से 3 वर्षों को छोड़कर हमेशा बजट घाटे एवं नुकसान मे	वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो दशकों से अधिक समय में पहली बार बजट अधिशेष। इसे आगे भी बनाए रखा जाएगा
एफटीओ रैंकिंग	वर्ष 2025 में 25/35. 'सी' श्रेणी में वर्गीकृत	05/35, 450 कैडेट्स एवं केवल 13 एयरक्राफ्ट के बावजूद

4. इग्रुआ की एयरक्राफ्ट उपयोग दर वर्तमान में पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है और सीपीएल उत्तीर्ण होने वाले कैडेट्स की वार्षिक संख्या बढ़कर 125 हो गई है। हम तेजी से मिशन 2028 की ओर अग्रसर हैं, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं:-

(1) मार्च 2028 तक 19 नए एयरक्राफ्ट शामिल करना।

(2) वार्षिक उड़ान घंटों को बढ़ाकर 50000 घंटे प्रतिवर्ष करना। वर्ष 2025 तक यह केवल 10000 घंटे प्रतिवर्ष था।

(3) सीपीएल कैडेट्स के वार्षिक प्रवेश को 125 से बढ़ाकर 250 करना।

(4) सीपीएल कैडेट्स की वार्षिक उत्तीर्ण संख्या को बढ़ाकर 250 करना।

(5) मार्च 2028 तक फुरसतगंज में नए नेविगेशन एड्स स्थापित करना, ताकि एयरफील्ड को आईएफआर परिचालन के योग्य बनाया जा सके।

पृष्ठ 2

(6) 300 कैडेट्स की क्षमता वाला सीपीएल ग्राउंड ट्रेनिंग स्कूल स्थापित करना।

(7) वर्ष 2028 तक हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल एवं ड्रोन ट्रेनिंग स्कूल स्थापित करना।

(8) वर्ष 2028 तक शामिल किए जाने वाले 19 नए एयरक्राफ्ट के लिए 3 नए एयरक्राफ्ट सिमुलेटर स्थापित करना।

(9) वर्ष 2028 तक इग्नुआ को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।

(10) वर्ष 2028 तक इग्नुआ के बुनियादी ढाँचे में महत्वपूर्ण सुधार करना, जिसमें छात्रावास एवं अन्य सुविधाएँ शामिल हैं।

5. अपनी 40वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि इग्नुआ की इस परिवर्तनकारी यात्रा में अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार सकारात्मक योगदान देंगे। इग्नुआ में कार्यरत सभी इग्नुअन्स को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि हमारा मूल मंत्र है — **"राष्ट्र सर्वोपरि एवं इग्नुआ सदैव प्रथम"** ।

6. इग्नुआ, एएमई एवं सीपीएल प्रशिक्षण का संरक्षक संस्थान है और हमारा उद्देश्य देश को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षित सिविल पायलट एवं एयरक्राफ्ट इंजीनियर उपलब्ध कराना है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2028 तक पूरी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ एफटीओ बनना है।

7. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपनी उड़ान क्षमता को बढ़ाकर 50000 घंटे प्रतिवर्ष करना होगा तथा एएमई स्कूल के माध्यम से प्रभावी ढंग से नए आयाम स्थापित करने होंगे। इसके साथ ही 300 कैडेट्स की क्षमता वाला ग्राउंड ट्रेनिंग स्कूल भी स्थापित करना होगा। हमें हेलीकॉप्टर एवं ड्रोन ट्रेनिंग स्कूल की स्थापना के माध्यम से अपने प्रशिक्षण कार्यों का विस्तार भी करना होगा।

8. हम वर्ष 2028 तक उड़ान संचालन के लिए 3 बेस तथा वर्ष 2030 तक 5 बेस का संचालन भी करेंगे।

9. कार्यरत सभी इग्नुअन्स की ओर से मैं पिछले चार दशकों में हमारे पूर्ववर्तियों द्वारा दिए गए योगदान को स्वीकार एवं सम्मानित करता हूँ। हम अपने पूर्व निदेशकों के योगदान एवं उनके नेतृत्व को भी अत्यंत आदर एवं स्नेह के साथ स्मरण करते हैं।

10. मैं सभी इग्नुअन्स, कैडेट्स एवं अभिभावकों को इस अत्यंत आशाजनक परिवर्तनकारी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। इग्नुआ ने 01 सितम्बर 2025 से बिना किसी अवकाश के, शनिवार एवं रविवार सहित, निरंतर कार्य किया है। परिवर्तन एवं उत्कृष्टता की दिशा में हमारी यह अविराम यात्रा अटूट संकल्प एवं सर्वोच्च दृढ़ निश्चय के साथ निरंतर जारी रहेगी।

11. मैं अपना संकल्प दोहराता हूँ — **"राष्ट्र सर्वोपरि एवं इग्नुआ सदैव प्रथम"** । मेरी कामना है कि आने वाले वर्षों में इग्नुआ विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एफटीओ बनकर सर्वोच्च गौरव एवं उपलब्धियाँ प्राप्त करे।

वर्ष 2026 के लिए आप सभी को दीपावली एवं त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएँ।

सदैव प्रसन्न रहें एवं आपकी हर उड़ान सफल और सुरक्षित हो!

विपुल

एयर कमोडोर विपुल सिंह
एवीएसएम वीएम (सेवानिवृत्त)
निदेशक (गैर-मंत्रालयिक)